# मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०

समस्तीपुर डेयरी, औद्योगिक क्षेत्र, पो0: हरपुर एलौथ, जिला: समस्तीपुर– 848103
Mob : 9570081234, Email: mithila.idis@gmail.com
Website: www.mithiladairy.com

COMFED

DUSS

सं0: मदुसः आई•टी•आई•: 2937 दिनांक: 07/08/2026

## सूचना

शिक्षु अधिनियम 1961 के तहत **ITI** योग्यताधारी शिक्षुओं से https://www.apprenticeshipindia.gov.in/ पोर्टल माध्यम से विभिन्न व्यवसाय के शिक्षु प्रशिक्षण सत्रः **2026–27** (अक्टुबर सत्र) के लिए ऑन–लाईन माध्यम से इलेक्ट्रीशियन/फीटर/वेल्डर/रेफ्रिजेरेशन इत्यादि ट्रेड हेतु कुल– 20 सीटों के लिए दिनांक **15.09.2026** तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

अन्तर्वीक्षा में उपस्थित होने हेतु शिक्षुओं को उनके ईमेल पर सूचना दी जायेगी।

अभ्यर्थी अन्तर्वीक्षा के समय अपने साथ सभी प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (यथा– शैक्षणिक योग्यता उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र, आरक्षण कोटि, आई.टी.आई. उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र, अंकपत्र, निवास प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड तथा ऑन–लाईन आवेदन उपरान्त प्राप्त प्रोफाईल इत्यादि) उक्त सभी प्रमाण पत्रों की एक सेट छायाप्रति भी कार्यालय को समर्पित करेंगे।

अन्तर्वीक्षा में केवल पोर्टल माध्यम से निबंधित शिक्षु ही भाग ले सकेंगे। अन्तर्वीक्षा में शामिल होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अभ्यर्थी के अन्तर्वीक्षा में शामिल होने मात्र से प्रशिक्षण हेतु कोई दावा मान्य नहीं होगा।

अधोहस्ताक्षरी को सूचना निरस्त करने/विस्तारित करने एवं प्रशिक्षण हेतु शिक्षुओं की संख्या निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

चयनित शिक्षुओं को प्रतिमाह **9600/-** (नौ हजार छः सौ) रुपये छात्रवृति उपस्थिति के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

06/08/26

**प्रबन्ध निदेशक**

प्रति0: सहायक निदेशक प्रशिक्षण (शिक्षु)
संयुक्त श्रम भवन (विधि विज्ञान प्रयोगशाला के बगल में)
गन्नीपुर रोड, मुजफ्फरपुर– 842001 – सूचनार्थ।

: जिला नियोजन पदाधिकारी, समस्तीपुर – सूचनार्थ।

: प्रभारी प्राचार्य,
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, समस्तीपुर – सूचनार्थ।

: श्री बिमल प्रसाद बेहेरा, वरीय सहायक (एम.आई.एस.)
– संघ के वेबसाईट पर उक्त सूचना अपलोड करना चाहेंगे।

: अभियंत्रण प्रभारी/इकाई प्रधान – **समस्तीपुर/दरभंगा/मधुबनी/रोसड़ा/ताजपुर।**
– सूचना पट्ट पर प्रदर्शन सुनिश्चित करेंगे।

: सूचना पट्ट – मदुस, समस्तीपुर।